गोपनीय

संदर्भ: एसआर5/डीएफसीसीआईएल/एसएन/31920

जनवरी 22, 2016

श्री एम.के.मित्तल
निदेशक-वित्त
डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
पांचवा तल, प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन बिल्डिंग कॉम्पलैक्स
नई दिल्ली-110001
टेली: 011 23454780 / 23379832
फैक्स: 011 23454782

प्रिय श्री मित्तल,

संदर्भ: डीएफसीसीआईएल के लिए क्रिसिल कॉर्पोरेट क्रेडिट रेटिंग की समीक्षा

क्रिसिल द्वारा सौपी गई सभी रेटिंग्स की निरंतर निगरानी और समीक्षा की जाती है।

क्रिसिल द्वारा उचित विचार-विमर्श किए जाने के बाद डीएफसीसीआईएल कॉर्पोरेट क्रेडिट रेटिंग ट्रिपल ए (सीसीआर एएए) की रेटिंग दी गई है। यह रेटिंग ऋण देयताओं के संबंध में सशक्त होने के उच्चतम स्तर प्रदर्शित करती है। यह रेटिंग इस पत्र के जारी होने की तारीख से एक वर्ष के लिए लागू रहेगी, जब तक कि आपके अनुरोध पर रेटिंग एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार क्रिसिल द्वारा इसे वापस न ले लिया जाए।

हमारे रेटिंग एग्रीमेंट के अनुसार, क्रिसिल द्वारा अपने प्रकाशनों और अन्य मीडिया के माध्यम से रेटिंग का प्रचार किया जाएगा और एक वर्ष की अवधि के लिए रेटिंग को निगरानी में रखा जाएगा। क्रिसिल को अधिकार है कि वह नई जानकारी के आधार पर अथवा जानकारी की अनुपलब्धता पर अथवा अन्य परिस्थितियों में, जिनके बारे में क्रिसिल का विश्वास है कि इससे रेटिंग पर प्रभाव पडेगा, किसी भी समय रेटिंग को निलंबित कर सकती है, वापस ले सकती है अथवा रेटिंग को संशोधित कर सकती है।

यदि आपको किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, तो कृपया बेहिचक हमसे संपर्क करें।

सादर,

भवदीय,

हस्ताक्षर	हस्ताक्षर
नीतेश जैन	शिवानी राठौड
एसोसिएट निदेशक-कॉर्पोरेट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर रेटिंग्स	प्रबंधक-कॉर्पोरेट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर रेटिंग्स

दावामुक्ति: क्रिसिल कॉर्पोरेट क्रेडिट की एक रेटिंग रेटिड कंपनी के सशक्तिकरण के स्तर पर क्रिसिल की वर्तमान राय है, जिसमें इस कंपनी की ऋण देयताओं का सम्मान रखा जाता है। क्रिसिल की रेटिंग में क्रिसिल द्वारा रेटिड कंपनी की लेखापरीक्षा शामिल नहीं होती और यह रेटिंग रेटिड कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी अथवा क्रिसिल द्वारा विश्वसनीय समझे जाने वाले स्त्रोत से प्राप्त जानकारी के आधार पर की जाती है। क्रिसिल द्वारा उस जानकारी के पूर्ण होने अथवा उसकी सटीकता की कोई गारंटी नहीं दी जाती जिस पर रेटिंग आधारित होती है। क्रिसिल कॉर्पोरेट क्रेडिट रेटिंग ऐसे किसी साधन के क्रय, विक्रय अथवा संभाले जाने की सिफारिश नहीं करती जो रेटिड कंपनी द्वारा जारी किया जाता है और यह बाजार मूल्य अथवा ऐसे किसी साधन के किसी निवेशक विशेष की उपयुक्तता पर कोई टिप्पणी नहीं करती। क्रिसिल कॉर्पोरेट क्रेडिट रेटिंग इसके सौंपे जाने की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध होती है, जब तक कि इसे क्रिसिल द्वारा वापस न लिया जाए अथवा निलंबित न कर दिया जाए।

क्रिसिल द्वारा अपनी रेटिंग को निगरानी में रखे जाने की प्रक्रिया अपनाई जाती है और परिस्थितियों के अनुसार आवश्यकता पडने पर रेटिंग्स को संशोधित किया जाता है। किसी त्रुटि के लिए क्रिसिल की कोई जिम्मेदारी नहीं है और विशेषकर यह दर्शाया जाता है कि सब्सक्राइबरों/उपयोगकर्ताओं/ट्रांसमीटर्स/वितरकों के लिए रेटिंग के संबंध में इसकी कोई वित्तीय देयताएं नहीं है। रेटिंग की नवीनतम जानकारी के लिए कृपया crisilratingdesk@crisil.com पर क्रिसिल रेटिंग डेस्क पर अथवा फोन नं. (+9122) 33423000 पर संपर्क करें।